# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (10.05.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 10.05.2025, PAGE-10

### भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत कोर्स को शुरू करने की है तैयारी

# बीआरएबीयू में वास्तु शास्त्र धातु विज्ञान की होगी पढ़ाई

**हि एक्सक्लूसिव**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरए बिहार विवि में छात्र धातु विज्ञान और वास्तु शास्त्र की पढ़ाई कर सकेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत इन विषयों की पढ़ाई कराने वाला बीआरएबीयू सूबे का पहला विवि होगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

बीआरएबीयू के इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज व भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल प्रो. राजीव कुमार का कहना है कि हमलोग बीआरएबीयू में भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत विषयों की पढ़ाई शुरू करने पर काम कर रहे हैं। प्राचीन काल में धातुएं कैसे बनाई जाती थीं, इसके बारे में धातु शास्त्र में पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा हमारी प्राचीन पद्धति वास्तु शास्त्र के बारे में भी स्नातक और पीजी के छात्र जान सकेंगे। प्रो. राजीव ने बताया कि वैल्यू एडेड कोर्स तहत इनकी पढ़ाई कराई जाएगी।

**थ्योरी के साथ करना होगा प्रोजेक्ट वर्क भी:** वैल्यू एडेड कोर्स में छात्रों को थ्योरी के साथ प्रोजेक्ट वर्क भी करना होगा। यह वैल्यू एडेड कोर्स 50 नंबर का होगा। छात्रों को प्रोजेक्ट वर्क में बताया जायेगा कि धातु का निर्माण कैसे किया जाता है। इसके अलावा वास्तु शास्त्र में किस तरह से कोण की व्याख्या की जाती है। अगले सत्र से इसे विवि में लागू करने के लिए तैयारी की जा रही है।

**स्नातक चौथ सेमेस्टर में जुड़ेगा स्काउट गाइड:** बीआरएबीयू में स्नातक चौथे सेमेस्टर में 100 नंबर के अतिरिक्त विषय में स्काउट गाइड विषय को भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने शुक्रवार को स्काउट गाइड के अधिकारियों के साथ बैठक की। बीआरएबीयू में पहली बार स्नातक में स्काउट गाइड को विषय के तौर पर लाने की तैयारी की जा रही है।



### लाइब्रेरी और लैबोरेट्री भी खुलेंगी

भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत शुरू होने वाले इन कोर्सों के लिए विवि में लैबोरेट्री और लाइब्रेरी भी खोली जाएंगी। इन लैबोरेट्री में सिर्फ भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विषयों का ही प्रैक्टिकल होगा और इन्हीं विषयों की किताबें रहेंगी। प्रो. राजीव का कहना है कि लाइब्रेरी में शुरुआत में हमलोग विवि के शिक्षकों से ही किताबें लेकर इसे शुरू करेंगे।

### नक्षत्र विज्ञान और प्राचीन भौतिकी की भी पढ़ाई

भारतीय ज्ञान परंपरा में धातु विज्ञान और वास्तु शास्त्र के अलावा नक्षत्र विज्ञान और प्राचीन भौतिकी की भी पढ़ाई कराई जाएगी। इसके अलावा गंधर्व शास्त्र, नाट्य शास्त्र, प्राचीन वनस्पती विज्ञान, प्राचीन रसायन विज्ञान, समुद्र शास्त्र जैसे विषयों को भी वैल्यू एडेड कोर्स के तहत शुरू करने की तैयारी है। छात्रों को इनमें से किसी एक विषय को चुनने का विकल्प दिया जाएगा।

# गर्ल्स हॉस्टल के नए भवन में शुरू होगा कमरों का आवंटन

**हि असर**

- हिन्दुस्तान में खबर प्रकाशित होने के बाद बीआरएबीयू ने लिया फैसला
- 'गर्ल्स हॉस्टल के लिए मारामारी' शीर्षक से उठाई थी छात्राओं की परेशानी

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरए बिहार विवि के पीजी गर्ल्स हॉस्टल के नए भवन में जल्द छात्रों को रूम आवंटित होगा। इसको चालू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने आठ मई के अंक में 'गर्ल्स हॉस्टल के लिए मारामारी' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस खबर पर संज्ञान लेते हुए बीआरएबीयू प्रशासन ने नए भवन में कमरा आवंटन की तैयारी आरंभ कर दी है। इसके लिए अधीक्षक की तलाश की जा रही है।

बीआरएबीयू के गर्ल्स हॉस्टल परिसर में अभी तीन भवन में छात्राएं रहती हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति से आदेश लेकर नए भवन में भी आवंटन शुरू किया जाएगा। बीआरएबीयू के गर्ल्स हॉस्टल परिसर में चार भवन हैं। तीन में छात्राएं रह रही हैं। नए भवन का उद्घाटन दिसंबर में हुआ था, लेकिन छात्राओं को इसमें कमरे आवंटित नहीं किए जा रहे थे।

विश्वविद्यालय की योजना है कि तत्काल इसमें छात्राओं के रूम आवंटित किया जाए, ताकि उनको रहने में समस्या न हो। बीआरएबीयू में छात्राएं लगातार हॉस्टल के लिए आवेदन कर रही हैं। उधर, हॉस्टल के पुराने भवन में रह रहीं कई पूर्ववर्ती छात्राएं नोटिस के बाद भी कमरें खाली नहीं कर रही हैं। अब उनके घर पर संदेश भेजा जाएगा और उनके माता-पिता से संपर्क कर हॉस्टल खाली कराने की कोशिश की जाएगी। हॉस्टल खाली नहीं करने से भी नई छात्राओं को कमरे आवंटित नहीं हो पा रहे हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:10.05.2025, PAGE-10

# उद्योगों के लिए आईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी जरूरी

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में चल रहे तीन दिवसीय कार्यशाला एनालिटिकल टेक्निक्स एंड इंस्ट्रूमेंट हैंडलिंग को शुक्रवार को समाप्त हुआ। समापन समारोह से पहले टेक्निकल सेशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न इंस्ट्रूमेंट्स पर प्रैक्टिकल किया और फिर डॉ. एके श्रीवास्तव ने आईआर स्पेक्ट्रोस्कॉपी पर व्याख्यान दिया।इसमें उन्होंने बताया कि आईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी विभिन्न प्रकार के रसायनों के क्रियात्मक समूह को पहचानने और उसकी मदद से पूरे मॉलिक्यूल के संरचना को जानने में मदद करता है।

बताया कि आईआर का मुख्य सिद्धांत क्या है और इसको किस प्रकार विभिन्न क्षेत्र में उपयोग किया जाता है। कहा कि आईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीकी स्नातक, परास्नातक एवं शोध छात्रों के साथ-साथ फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज, केमिकल इंडस्ट्रीज और अन्य प्रकार के रसायन आधारित इंडस्ट्रीज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विवि, आरा के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ) सैयद मुमताजुद्दीन थे। बिहार विवि के कुलानुशासक प्रो. (डॉ) बीएस राय जी गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। प्रो. राय ने अपने व्याख्यान में कहा कि विश्वविद्यालय का रसायन विज्ञान विभाग शोध एवं अकादमिक के क्षेत्र में नित्य नए आयाम गढ़ रहा है। इस तरह का प्रैक्टिकल वर्कशॉप विद्यार्थियों के बीच एक नई आशा और ऊर्जा का संचार करता है। समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार ने कहा कि इस वर्कशॉप की सफलता इस बात से सिद्ध होती है कि इतनी बड़ी संख्या में पूरे बिहार से प्रतिभागी आए हैं। कार्यशाला संयोजक प्रो. नवेदउल हक व सह-संयोजक प्रो. (डॉ.) रामकुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में इस प्रकार के अन्य तकनीकी आधारित आयोजन करने का आश्वासन दिया। डॉ. प्रियरंजन कुमार ने छात्रों को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने की सलाह दी। धन्यवाद जयनाथ कुमार ने किया।




विवि के रसायन विज्ञान विभाग में चल रही कार्यशाला के अंतिम दिन विचार रखते वक्ता।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 10.05.2025, PAGE-04


## शिक्षक-कर्मियों को वीसी ने किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के वीसी प्रो दिनेश चन्द्र राय ने सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों को सम्मानित किया. वीसी ने सेवांत लाभ सहित पीपीओ लेटर के साथ माला पहनाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की. कुलानुशासक प्रो बीएस राय, पेंशन पदाधिकारी डॉ अमानुल्लाह, सहायक कुलसचिव पीके सरकार, प्रशाखा पदाधिकारी राघवेन्द्र सिंह, सहायक खुर्शीद आलम, राजेश के साथ लाभार्थी प्रो फैयाज अहमद, नेयाज अहमद, रूपलाल राय, रामभजन राय, राम प्रबोध महतो, अजय, भुनेश्वर महतो व हरिशंकर महतो उपस्थित रहे.

## रवींद्रनाथ ने किया परंपरा का नवीनीकरण



विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में कार्यक्रम में मौजूद अतिथि.

**मुजफ्फरपुर.** विवि के हिंदी एवं बांग्ला विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की जयंती के अवसर "रवींद्रनाथ की प्रासंगिकता" विषय पर संगोष्ठी व काव्य-पाठ हुआ.सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी व आइक्यूएसी निदेशक प्रो कल्याण झा ने कहा कि रवींद्रनाथ ठाकुर भारतीय जातीय संगीत के रचयिता रहे हैं. उनके साहित्य में हमारे जीवन-मूल्य संरक्षित एवं संवर्धित रहे हैं.

विश्वविद्यालय हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो सुधा ने कहा कि रवींद्रनाथ ठाकुर ने भारतीय परंपरा का नवीनीकरण किया है. वे संस्कृत, वैष्णव व बौद्ध साहित्य को आत्मसात कर नया रचने के लिए साहित्य जगत में आए थे. गुरुदेव को टुकड़ों में नहीं बल्कि संपूर्णता में समझने की कोशिश होनी चाहिए. गुरुदेव की सार्वभौमिक दृष्टि उन्हें विश्वमानव एवं विश्वगुरु के रूप में स्थापित करती है.

छायावादी हिंदी कविता और कथाकार प्रेमचंद पर उनका बहुत गहरा प्रभाव है. मो.जावेद, ईश्वर चंद, स्नेहा, मोहित, मनीष, पप्पू, शिवम, अजीता, सुष्मिता, श्यामसुंदर, प्रीति, पल्लवी, शिल्पी, पवन के नाम महत्त्वपूर्ण हैं. विभाग की प्रो.कुमारी आशा, सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश रंजन, डॉ सुशांत कुमार, डॉ उज्ज्वल आलोक, डॉ साक्षी शालिनी, विवि बांग्ला विभाग के डॉ तारक पुरकायत, डॉ सुनंदा मंडल, किरणबाला रविदास ने विश्वकवि के प्रति विचार व्यक्त किए. मो जावेद व ईश्वर चंद ने संचालन किया. धन्यवाद ज्ञापन स्नेहा ने किया.

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE:10.05.2025, PAGE-04**

# निरंतर आगे बढ़ रहा रसायनशास्त्र विभाग

**मुजफ्फरपुर.** विवि के रसायन विज्ञान विभाग में तीन दिवसीय वर्कशॉप का समापन हो गया. मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विवि आरा के पूर्व वीसी प्रो सैयद मुमताजुद्दीन व विशिष्ट अतिथि बीआरएबीयू के कुलानुशासक प्रो बीएस राय थे. प्रो राय ने कहा कि विवि का रसायन विज्ञान विभाग लगातार शोध व अकादमिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. विभागाध्यक्ष प्रो अरुण ने कहा कि कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सहभागिता दी. तकनीकी सत्र में डॉ एके श्रीवास्तव का व्याख्यान हुआ. आयोजन सचिव डॉ अभय नंदा श्रीवास्तव ने सत्रों की जानकारी दी. प्रो नवेदुल हक, प्रो रामकुमार, डॉ प्रियरंजन ने भी विचार रखे. धन्यवाद ज्ञापन जयनाथ ने किया.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 10.05.2025, PAGE-05

बीआरएबीयू : सत्र 2025-29 में 140 कॉलेजों में निर्धारित है दो लाख से अधिक सीट, पिछले सत्र में 1.60 लाख छात्र-छात्राओं ने किया था ऑनलाइन आवेदन

# स्नातक में नामांकन के लिए 24 दिन में 85 हजार आवेदन, 15 तक खुला रहेगा पोर्टल

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए आवेदन की गति बहुत सुस्त है। 24 दिनों में करीब 85 हजार छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। ऑनलाइन आवेदन के लिए 15 मई तक पोर्टल खुला रहेगा। ऐसे में कहा जा रहा है कि अंतिम समय आवेदन के लिए भीड़ बढ़ेगी, तो पोर्टल पर भी दबाव बढ़ जाएगा। 4 वर्षीय स्नातक कोर्स लागू होने के बाद विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। सत्र 2023-27 में 1.49 विद्यार्थियों



ने आवेदन किया था, जबकि सत्र 2024-28 में 1.60 लाख आवेदन आए थे। विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए पोर्टल पर 140 कॉलेजों का विकल्प दिया गया है। इन कॉलेजों में दो लाख से अधिक सीट साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स में निर्धारित हैं। 16 मई से ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है। शुक्रवार शाम तक करीब 85 हजार छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था। यानी एक दिन में करीब 4 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहले चरण में 15 मई तक पोर्टल खुला रहेगा। विश्वविद्यालय की ओर से पहले ही अभ्यर्थियों को कहा गया था कि सर्वर या अन्य परेशानी से बचने के लिए पहले ही आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर लें। इसके बाद भी आवेदन की गति सुस्त है।

### छात्रों को उनके जिले के कॉलेजों में ही मिल सकेगा नामांकन

विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों को उनके जिले के कॉलेजों में ही नामांकन दिलाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कहा गया है कि अपने जिले के कॉलेजों का ही विकल्प दें। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के समय अभ्यर्थी किसी एक जिले में ही कॉलेजों का विकल्प चुन सकेंगे। इसके आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से मेरिट लिस्ट तैयार कर कॉलेज आवंटित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को मनचाहे कॉलेज और विषय में नामांकन मिले, इसको लेकर भी योजना तैयार की जा रही है।

### नए कॉलेज जुड़ेंगे तो बढ़ेगी स्नातक सीट

सरकार की ओर से सत्र 2025-29 के लिए नए कॉलेजों को अभी संबंधन नहीं दिया गया है। 12 अप्रैल को सीनेट से प्रस्ताव स्वीकृत कराकर मानक पूरा करने वाले कॉलेजों का आवेदन सरकार को भेजा गया है। अंगीभूत के साथ ही स्थाई संबंधन वाले कॉलेजों का नाम पोर्टल पर जोड़कर आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब सरकार की ओर से कॉलेजों को संबंधन मिलने के बाद उनका नाम भी पोर्टल पर जोड़ा जाएगा। साथ ही छात्र भी उन कॉलेजों का विकल्प चुन सकेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
## DATE:10.05.2025, PAGE-05

### स्पेशल परीक्षा : विलंब शुल्क के साथ आज तक भरेंगे फॉर्म

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू की ओर से टीडीसी पार्ट-2 स्पेशल परीक्षा के लिए 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने के लिए 2 दिन का समय बढ़ाया गया है। इसको लेकर सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजा गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने यह जानकारी दी।

### रिटायर्ड शिक्षक-कर्मियों को मिला सेवांत लाभ व पीपीओ लेटर

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने विवि और कॉलेजों के सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों को सेवांत लाभ सहित पीपीओ लेटर दिया। साथ ही माला पहनाकर सभी को सम्मानित किया। प्रशासनिक भवन स्थित अपने कार्यालय में पिछले दिनों रिटायर्ड शिक्षक-कर्मचारियों को सम्मानित करने के बाद प्रो. राय ने कहा कि आप विवि आते रहें और मार्गदर्शन करते रहें। आपके सहयोग से विवि को शिखर पर पहुंचाने का काम करूंगा। विवि की ओर से भरोसा दिलाया कि भविष्य में कभी किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। मौके पर कुलानुशासक प्रो. बीएस राय, पेंशन पदाधिकारी डॉ. अमानुल्लाह, सहायक कुलसचिव पीके सरकार व प्रशाखा पदाधिकारी राघवेंद्र सिंह थे।